विशिष्ट अतिथि का भ्रमण

भा0वा0अ0शि0प0–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज में विशिष्ट अतिथि– बिहार राज्य के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक/हेड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स तथा केन्द्र के पूर्व प्रमुख श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय (भा0व0से0–1986) द्वारा इलाहाबाद कृषि विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज को भा0वा0अ0शि0प0, देहरादून द्वारा प्रदत्त अनुदान के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण कार्य हेतु दो दिवसीय शासकीय कार्य के दौरान दिनांक 09.02.2023 को केन्द्र का भ्रमण किया गया। केन्द्र के सभागार में अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ विभिन्न शोध अध्येताओं के सम्मुख एक बैठक में डा0 संजय सिंह, प्रमुख द्वारा पूर्व प्रमुख का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया गया। डा0 सिंह ने श्री पाण्डेय के कार्यकाल में केन्द्र द्वारा किसानों की आय बढ़ाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि श्री अरविन्द कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन वक्तव्य में भारतीय वन सेवा में उनके विभिन्न कार्य स्थलों में वानिकी के क्षेत्र में किये गये प्रयासों तथा उपलब्धियों से सभा को अवगत कराया। उन्होने उत्तर प्रदेश में वानिकी क्षेत्रों के विस्तार में केन्द्र की भूमिका तथा प्रयास की सराहना की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अनीता तोमर ने श्री पाण्डेय को धन्यवाद देते हुए उनके द्वारा केन्द्र में किये गये कार्यों का उल्लेख किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री आलोक यादव ने कैम्पा परियोजना के क्रियान्वयन में श्री पाण्डेय के सहयोग की प्रशंसा की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अनुभा श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में बताया कि श्री ए0 के0 पाण्डेय के निर्देशन में उन्होने अनुसंधान कार्यों को सम्पादित किया। वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डा0 एस0 डी0 शुक्ला ने पूर्व प्रमुख को सरल एवं सहज स्वाभाव का बताया। उक्त सभा में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 कुमुद दूबे, तकनीकी अधिकारी श्री रतन कुमार गुप्ता, श्री अम्बूज कुमार, अ0श्रे0लि0 व श्री अशोक कुमार, बहुकार्य कर्मी के साथ विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत शोधार्थी तथा पीएच0डी0 छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र

पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र
प्रयागराज
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
देहरादून
(पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
नई दिल्ली, भारत सरकार)

पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र
प्रयागराज
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
देहरादून
(पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
नई दिल्ली, भारत सरकार)

पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र
प्रयागराज
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
देहरादून
(पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
नई दिल्ली, भारत सरकार)
FRCER
PRAYAGRAJ

पारि-पुनर्स्थापन वन अनुसंधान केन्द्र
BLOOM
WITH
GRACE